# 11. शब्द-भंडार

## विलोम शब्द

एक-दूसरे का उलटा अर्थ बताने वाले शब्द विलोम शब्द कहलाते हैं। विलोम शब्दों को विपरीत शब्द भी कहते हैं।

- ❖ पाठ पृष्ठ 61 पर दिए उदाहरणों की सहायता से ऊपर × नीचे, लंबा × ठिगना, उदय × अस्त, रात × दिन, खट्टा × मीठा विलोम शब्दों का परिचय दीजिए।
- ❖ बच्चों को कुछ शब्द बोलें तथा उनसे उनका उलटा अर्थ बताने को कहें।
- ❖ पाठ पृष्ठ 62 पर दिए विलोम शब्दों को बच्चों से पढ़वाएँ।
- ❖ सभी बच्चों को पढ़ने का समुचित अवसर दें।
- ❖ वाक्य प्रयोग द्वारा भी विलोम शब्द समझाए जा सकते हैं।
- ❖ पाठ अभ्यास बच्चों से करवाएँ। यथासंभव सहायता भी करें।